# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर (राज.)

## निर्वाचन साक्षरता क्लब

## [Electoral Literacy Club]

No Voter to be Left Behind

# वार्षिक रिपोर्ट : **2019-20**

# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर (राज.)

दिनांक : 30.06.2020

## –: निर्वाचन साक्षरता क्लब : सत्र 2019–20 रिपोर्ट :–

निर्वाचन विभाग राजस्थान सरकार के आदेशों के अनुक्रम में सत्र के आरम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया गया। जिसमें डॉ. मंजु फड़िया को ई.एल.सी. नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए डॉ. कुलदीप फड़िया, डॉ. शशि देपाल, डॉ. विनीता कोठारी, डॉ.वैशाली देवपुरा एवं डॉ. भवशेखर को ई.एल.सी. सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर के द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर के निर्देशानुसार सत्र पर्यन्त विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। महाविद्यालय ई.एल.सी. द्वारा सत्र 2019–20 में निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई है :–

ई.एल.सी. के द्वारा दिनांक 13 सितम्बर 2019 को 'मतदाता जागरूकता श्रंखला' **(Voters Awareness Series)** के अन्तर्गत छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ई.एल.सी. सदस्यों एवं छात्राओं के मध्य परस्पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में ई.एल.सी. सदस्यों एवं छात्राओं में परस्पर विचार–विमर्श द्वारा मतदान के महत्व एवं मतदान के प्रति हमारे कर्तव्य को केन्द्र में रखकर परिचर्चा की गई। ई. एल.सी. नोडल अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया ने मतदान की महत्ता बताते हुए छात्राओं को संबोधित किया। मतदान पर इस परिचर्चा में सभी संकायों की छात्राओं ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति की।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर के ई.एल.सी. के द्वारा दिनांक 13 सितम्बर 2019, शुक्रवार को साप्ताहिक मतदाता जागरूकता श्रंखला **(Weekly Voters Awareness Series)** के अन्तर्गत छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ई.एल.सी. सदस्यों एवं छात्राओं के मध्य परस्पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में ई.एल.सी. सदस्यों एवं छात्राओं में परस्पर विचार–विमर्श द्वारा मतदान के महत्व एवं

मतदान के प्रति हमारे कर्तव्य को केन्द्र में रखकर परिचर्चा की गई। ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया ने मतदान की महत्ता बताते हुए छात्राओं को संबोधित किया।

मतदान पर इस परिचर्चा में दामिनी वर्मा (एम. ए. पूर्वार्द्ध – राजनीति विज्ञान), ममता रेगर (एम. ए. उत्तरार्द्ध – राजनीति विज्ञान), डिंपल राव (तृतीय वर्ष कला), यशोदा कुमारी (द्वितीय वर्ष कला), शकुन पंवार (द्वितीय वर्ष कला), उषा मेघवाल (द्वितीय वर्ष कला), सोनिया सुथार (द्वितीय वर्ष कला), खुशबू लोहार (द्वितीय वर्ष कला), विद्या सिसोदिया (तृतीय वर्ष कला) ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति की।






निर्वाचन साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) के द्वारा ''मतदान पर परिचर्चा'' की तस्वीरें **(13.09.2019)**

- मतदाता जागरुकता श्रंखला के अन्तर्गत कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की छात्राओं के मध्य परस्पर संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर के निर्देशानुसार दिनांक 18.09.2019 को सांय मतदाता जागरूकता हेतु ''दीप दान'' कार्यक्रम का आयोजन गणगौर घाट पर किया गया। मतदाता सत्यापन कार्यक्रमों की श्रंखला में ''सतरंगी सत्यापन सप्ताह'' के अन्तर्गत होने वाले इस कार्यक्रम में कलर थीम ''बैंगनी रंग'' रखा गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य संदेश था – ''नाम चैक किया क्या''। जिसमें ई.एल.सी. संकाय सदस्य डॉ. कुलदीप फड़िया एवं महाविद्यालय की छात्राओं ने हिस्सा लिया।
- जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर के निर्देशानुसार दिनांक 21.09.2019 को प्रातः 7:00 बजे ''साईकिल रैली'' का आयोजन फतहसागर की पाल पर किया गया। मतदाता सत्यापन कार्यक्रमों की श्रंखला में ''सतरंगी सत्यापन सप्ताह'' के अन्तर्गत होने वाले इस कार्यक्रम में कलर थीम ''हरा रंग'' रखा गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य संदेश था – ''जिम्मेदारी दिखायेंगे, वोटर लिस्ट में नाम चेक करायेंगे''। इस कार्यक्रम में ई.एल.सी. नोडल अधिकारी एवं ई.एल.सी. संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया।
- निर्वाचन साक्षरता एवं जागरुकता हेतु दिनांक 16.01.2020 को महाविद्यालय छात्राओं के बीच वादविवाद प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वादविवाद प्रतियोगिता में सकीना यास्मीन (प्रथम वर्ष विज्ञान) ने प्रथम एवं चैल्सी राठौड (प्रथम वर्ष विज्ञान) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूजा सेठ एवं समूह ने प्रथम एवं खुशबू लोहार एवं समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 17.01.2020 को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रूचि सोनी (प्रथम वर्ष कला) ने प्रथम एवं प्रियंका पहाड़िया (प्रथम वर्ष कला) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- निर्वाचन विभाग राजस्थान सरकार के आदेश क्रमांक एफ4 (3)(3) स्वीप/निर्वा/**NVD-2020**/42, दिनांक 06.01.2020 एवं कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), उदयपुर के आदेश क्रमांक जिला निर्वाचन/स्वीप/2019–20/793, दिनांक 10.01.2020 की पालनार्थ 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में 'निर्वाचन साक्षरता क्लब' द्वारा स्वीप **(SVEEP)** के अंतर्गत दिनांक 25 जनवरी 2020 (शनिवार) को प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में छात्राओं,

संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों के लिए 'मतदाता शपथ कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। शपथ कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस वर्ष मनाये गये 'दशम राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का मुख्य थीम था –''मजबूत लोकतंत्र के लिए, मतदाता शिक्षा''**(Electoral Literacy for Stronger Democracy)**।









राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में आयोजित 'शपथ कार्यक्रम' की तस्वीरें
**(25.01.2020)**

'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के कार्यक्रम में राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर की छात्राओं, ई.एल. सी. सदस्यों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठतम सह आचार्य डॉ. शशि सांचिहर ने सभी को मतदान की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए ई.एल.सी. संकाय सदस्य डॉ. कुलदीप फड़िया ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाये जाने का औचित्य छात्राओं को बताया और उन्हें मतदाता जागरूकता संबधी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं वरिष्ठतम सह आचार्य डॉ. शशि सांचिहर ने अपने संबोधन से छात्राओं में जोश का संचार करते हुए उन्हें यह बताया कि क्यों सबल और सफल लोकतंत्रात्मक समाज में बिना किसी प्रलोभन के मतदान अवश्य किया जाना बेहद जरूरी है। साथ ही विभिन्न कक्षाओं के सभी नए मतदाताओं को प्रेरित करते हुए उन्हें बताया गया कि वे शपथ लेते हुए और इसे अपना कर्त्तव्य समझते हुए मतदान में हिस्सा लें। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

डॉ. मंजु फड़िया
(ई.एल.सी. नोडल अधिकारी)